अशोध्य ऋणों को राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा बट्टे खाते में डाला जाना

***248. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ऋणों की वसूली न हो पाने के कारण राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा बहुत बड़ी धनराशि बट्टे खाते में डाल दी जाती है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष कितनी धनराशि बट्टे खाते में डाली गई ; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या सुधारोपाय किए जाने का विचार है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फलेरियो) : (क) से (ग) सरकारी क्षेत्र के बैंकों को नियंत्रित करने वाली सांविधियों तथा बैंकरों में प्रचलित प्रथाओं और रीति रिवाजों के अनुसार, जिनका बैंकों को पालन करना होता है, बैंक अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों की रकमें, जिनके बारे उनके सांविधिक लेखा परीक्षकों की तसल्ली के मुताबिक व्यवस्था कर ली गई हो, तथा बट्टे खाते डाली गई अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों की रकमें प्रकट नहीं करते हैं ।

2. बैंक अपनी प्राप्य रकमों की वसूली प्रतिभूतियों की उगाही एवं बिक्री, गारंटियों की सहायता से तथा उपलब्ध बीमा कवच की उगाही के जरिए और संबंधित पार्टियों के खिलाफ सिविल मुकदमे दायर करके करते हैं । किसी भी ऋण को बट्टे खाते डालने का निर्णय तभी लिया जाता है जब कानूनी अथवा बैंक के पास उपलब्ध उपाय विफल हो जाते हैं ।

Workers' participation in management in textile mills

*249. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) what are the names of the textile mills which have workers' participation in management till 31st March, 1989, State-wise;

(b) what are the names of the textile mills which do not have workers' participation in management till 31st March, 1989 State-wise and by when such mills will have workers' participation in management;

(c) whether there is any participation of workers at the Board of Directors level in the National Textile Corporation;

(d) if so, what are the details thereof; and

(e) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TEXTILES (KUM. SAROJ KHAPARDE): (a) and (b) Government do not have information about workers' participation in management introduced either in State Government owned/run textile mills or in private textile mills. Out of 122 textile mills in operation under National Textile Corporation Limited, which controls the textile mills nationalised/taken over by the Central Government, 76 mills have introduced the scheme of workers' participation in management.

(c) to (e) No, Sir. Government do not consider N.T.C. suitable for introduction of labour participation in management at Board of Directors level at this stage.